12.01.2026

NAVBHARAT TIMES

कालकाजी में बिल्डिंग में आग, 7 को बचाया

जान जोखिम में डाल दो पुलिसकर्मियों ने सभी को निकाला

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

कालकाजी में शनिवार रात एक रिहायशी इमारत में आग लग गई। आग और धुएं के बीच फंसे 7 लोगों को पुलिसकर्मियों ने जान जोखिम में डाल लोगों की मदद से बचा लिया।

शनिवार रात 10:39 बजे आग की सूचना मिली। दमकल की 4 गाड़ियों को रवाना किया गया। उधर, हेड कॉन्स्टेबल भारत भूषण और कॉन्स्टेबल मनोज तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। एसएचओ अजय कुमार, बीट स्टाफ हेड कॉन्स्टेबल भारत भूषण और कॉन्स्टेबल मनोज के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। इमारत की चौथी मंजिल पर 7 लोग आग और धुएं में फंसे थे। इनमें बुजुर्ग और बच्चे भी थे। दोनों पुलिसकर्मी बिल्डिंग में घुस गए। धुआं इतना था कि सांस लेना मुश्किल हो रहा था, इसके बावजूद दोनों ने हिम्मत नहीं हारी। इसके बाद लोगों की मदद से चौथी मंजिल पर फंसी बिमला (65), गिरीश (37), प्रतिभा (32), यश्वी (12), शुभम (38) समेत दो अन्य लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।



खड़ी कार में लगी आग

बदरपुर इलाके में शनिवार देर रात थाने के गेट नंबर-2 के पास खड़ी कार में आग लग गई। कार में कोई नही था। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

फायर ब्रिगेड के देर से पहुंचने का आरोप

यहां रहने वाले टी. एम. कुमार ने बताया कि आग लगते ही लोगों ने तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी और एहतियात के तौर पर बिजली की सप्लाई भी कटवा दी गई। आरोप है कि फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर देर से पहुंची। संकरी गलियों के कारण आग बुझाने में भी काफी दिक्कत आई। हालांकि, फायर ब्रिगेड ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। राहत की बात यह रही कि पुलिस और लोगों लोगों ने समय रहते बचाव कार्य शुरू कर दिया।